राजस्थान सरकार

निदेशालय, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण

विद्युत मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर (राजस्थान)302005

ईमेल–dir-pen-rj@nic.in , दूरभाष न. 0141–2740538,2741687

वेबसाईटः– rajpension.nic.in, pension.raj.nic.in

क्रमांकः– निपेवि / पीसी / ई–कुबेर / 2020–21 / 1872-K दिनांकः–23/12/2021

प्रबन्ध निदेशक / महा प्रबन्धक,
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेंशनल बैंक,
बैंक ऑफ बडौदा, यूको बैंक, इंडियन बैंक,
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया,
बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र,
जयपुर।

विषयः– राजस्थान सरकार की ओर से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स को सार्वजनिक क्षेत्रो के बैंको से माह दिसम्बर की पेंशन (जो 01.01.2022 से देय होती है) का भुगतान बैंक द्वारा दिनांक 01.01.2022 से बंद करने के संबंध में जारी आदेश निरन्तरता में आवश्यक सूचना आज ही दिनांक 23.12.2021 को प्रेषित करने बाबत्।

संदर्भः– इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 17.12.21 एवं 22.12.21

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान सरकार ने पत्र क्रमांक प. 10(11)वित्त / राजस्व / 2015 / लूज दिनांक 16.12.2021 द्वारा निर्देशित किया है कि माह दिसम्बर 2021 की देय पेंशन जो दिनांक 01.01.2022 को वितरित की जावेगी, को सार्वजनिक क्षेत्रो के बैंको के स्थान पर पे–मैनेजर के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा ही वितरित किया जाएगा।

उपरोक्त निर्देशो की पालना में आपको पहले ही सूचित किया गया है कि राजस्थान सरकार के पेंशनर्स को माह दिसम्बर 2021 की देय पेंशन का भुगतान बैकों द्वारा स्वंय के स्तर से नहीं किया जावें, क्योंकि राज्य सरकार द्वारा उक्त भुगतान पे–मैनेजर के माध्यम से किया जावेगा। इसकी निरन्तरता में इस विभाग के संदर्भित पत्रों द्वारा पेंशन राशि के वितरण के लिए निम्नाकिंत प्रारूप में पेंशनर्स की सूचना 21.12.2021 को दोपहर 2.00 बजे तक आवश्यक रूप से ई–मेल एड्रेस PRADEEPMATHUR.FIN@rajasthan.gov.in पर भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया था परंतु सूचना आज दिनांक तक निर्धारित प्रपत्र में अप्राप्त है। अतः निम्नलिखित प्रारूप में सूचना आज ही दिनांक 23.12.2021 को एक्सल–शीट में आवश्यक रूप से उपरोक्त ई–मेल आईडी पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

Name of pensioner	Name of original pensioner	Pensioner Email ID	Date of Birth of pensioner	Aadhar no.	Pan no.	Date of retirement/ death	PPO/FPPO No.	Mobile No.
1	2	3	4	5	6	7	8	9

Pensionerbank Account Number	Bank IFSC Code	Life Certificate Status(Yes/No)
10	11	12

भवदीय

(संजय सोलंकी)
निदेशक

OSD/Sir/260